RPSC स्कूल व्याख्याता (संस्कृत शिक्षा) पेपर II हिंदी 2018

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्न में से किस शब्द में दो से अधिक उपसर्ग है-

(A) अव्यवस्था ✓
(B) अपादान
(C) निस्संकोच
(D) निरनुनासिकता

Q.2

हिंदी साहित्येतिहास से संबंधित किस ग्रंथ में 693 ई. से 1693 ई. तक की कालावधि को ही समाहित किया गया है ?

(A) मिश्रबंधु विनोद
(B) हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास ✓
(C) शिवसिंह सरोज
(D) हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास

Q.3

इन रचनाकारों को संबंधित रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

रचनाकार	रचनाएँ
A. मृदुला गर्ग	(i) आठवाँ सर्ग
B. शंकर शेष	(ii) देवयानी का कहना है
C. सुरेन्द्र वर्मा	(iii) एक और द्रोणाचार्य
D. रमेश बक्षी	(iv) एक और अजनबी

(A) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)
(B) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(C) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(D) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii) ✓

Q.4

'पीयूष प्रवाह' में संकलित 'सत्य के प्रयोग' नामक आत्मकथा के विभिन्न अंशों के विषय में कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) 'सभ्य पोशाक में' शीर्षक अंश विद्यार्थियों को छद्म आकर्षणों से बचने की सलाह देता है।
(B) 'बलवान से भिड़ंत' शीर्षक अंश अन्याय से डटकर मुकाबला करने की हिम्मत बंधाता है।
(C) 'आत्मिक शिक्षा' शीर्षक अंश हमें संयम और आत्म-निर्माण के लिए प्रेरित करता है।
(D) 'शांति निकेतन' शीर्षक अंश में शांति-स्थापना पर बल दिया गया है। ✓

Q.5

'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित 'हार की जीत' में बाबा भारती डाकू खड़गसिंह को घोड़ा छीन लेने की बात किसी को बताने के लिए क्यों मना करता है ?

(A) बदनामी के भय से
(B) जनता द्वारा विद्रोह कर लेने के भय से
(C) पुलिस कार्रवाई के भय से
(D) गरीब-अपाहिजों पर से विश्वास उठ जाने के भय से ✓

Q.6

इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) अष्ट छाप के कवियों में सूर अग्रणी भक्त कवि थे ।

(B) अष्ट छाप में दीक्षित होने से पूर्व सूर ने दैन्यपूर्ण भक्ति के पदों की भी रचना की थी ।

(C) 'भ्रमरगीत' सूरसारावली का सबसे मार्मिक प्रसंग है । ✓

(D) भ्रमरगीत का मुख्य आधार श्रीमद्भागवत का दशम स्कंध है ।

Q.7

मनोविज्ञान को व्यवहार का विज्ञान मानने वाले मनोवैज्ञानिक हैं

(A) पोम्पोनाजी

(B) वाटसन ✓

(C) विलियम वुण्ट

(D) डेकार्टे

Q.8

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से प्रसाद की निम्नलिखित रचनाओं का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) आँसू, ध्रुवस्वामिनी, स्कंदगुप्त, कामायनी

(B) स्कंदगुप्त, आँसू, कामायनी, ध्रुवस्वामिनी

(C) आँसू, स्कंदगुप्त, ध्रुवस्वामिनी, कामायनी ✓

(D) ध्रुवस्वामिनी, आँसू, स्कंदगुप्त, कामायनी

Q.9

अर्ध-शासकीय पत्र से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

- संबोधन में महोदय/महोदया शब्द का प्रयोग नहीं होता।
- पत्र की समाप्ति पर 'भवदीय, भवनिष्ठ' आदि किसी भी शब्द का प्रयोग नहीं होता है।
- पत्र के ऊपर बाईं ओर प्रेषक नाम और पदनाम लिखा जाता है।
- पत्र क्रमांक में अर्ध-शासकीय / अर्ध-सरकारी या डी.ओ. (D.O.) का उल्लेख होता है।

(A) संबोधन में महोदय/महोदया शब्द का प्रयोग नहीं होता।

(B) पत्र की समाप्ति पर 'भवदीय, भवनिष्ठ' आदि किसी भी शब्द का प्रयोग नहीं होता है। ✓

(C) पत्र के ऊपर बाईं ओर प्रेषक नाम और पदनाम लिखा जाता है।

(D) पत्र क्रमांक में अर्ध-शासकीय / अर्ध-सरकारी या डी.ओ. (D.O.) का उल्लेख होता है।

Q.10

निम्नलिखित रचनाओं को संबंधित विधाओं के साथ सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए :

रचना	विधा
A. क्या भूलूँ क्या याद करूँ	(i) यात्रावृत्त
B. सौंदर्य की नदी नर्मदा	(ii) आत्मकथा
C. रांगेय राघव : एक अंतरंग परिचय	(iii) रिपोर्ताज
D. क्षण बोले कण मुस्काए	(iv) जीवनी

(A) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)
(B) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii)
(C) A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii) ✓
(D) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)

Q.11

किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग हुआ है?

(A) आग्नेय
(B) अस्तित्व
(C) निष्कासित ✓
(D) अधुनातन

Q.12

इनमें ध्वनि विषयक गलत कथन है

(A) काव्य-सिद्धान्त के रूप में 'ध्वनि' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 'ध्वन्यालोक' नामक ग्रंथ में मिलता है।
(B) ध्वनि सिद्धान्त वैयाकरणों के 'स्फोटवाद' पर आधारित है।
(C) विद्वान उस काव्य को ध्वनि कहते हैं जिसमें कथित शब्द और अर्थ अपने को गौण बनाकर व्यंग्यार्थ की अभिव्यक्ति करते हैं।
(D) आचार्यों ने ध्वनिकाव्य के दो प्रमुख भेद माने हैं - (i) लक्षणामूला (ii) व्यंजनामूला। ✓

Q.13

निम्नलिखित में गलत कथन है -

(A) रीतिकाल के लक्षण ग्रंथ संस्कृत लक्षण ग्रंथों की छाया से पूर्णतः मुक्त हैं। ✓
(B) लक्षणमुक्त कविता ही वास्तव में रीतिकाल का प्राणतत्त्व है।
(C) रीतिकालीन कवियों को अपने आश्रयदाताओं की रुचि के अनुसार काव्य लिखना पड़ता था।
(D) आचार्य शुक्ल रीतिकाल का प्रारंभ चिंतामणि से मानते हैं।

Q.14

शैक्षिक तकनीकी तृतीय या प्रणाली विश्लेषण की विशेषता नहीं है-

(A) ये गेस्टाल्ट मनोविज्ञान पर आधारित है।

(B) इस प्रणाली का जन्म कठोर शिल्प उपागम व कोमल शिल्प उपागम के मेल स्वरूप हुआ।

(C) यह सीखने तथा शिक्षण के सिद्धांतों से सम्बन्धित है। ✓

(D) इस उपागम में सम्प्रेषण नियंत्रण प्रारूप एवम पुनर्बलन भी सम्मिलित हैं।

Q.15

राष्ट्रभाषा की व्यापक विशेषताओं में किस तथ्य का उल्लेख नहीं है ?

(A) वह अपने राष्ट्र का प्रतीक होती है ।

(B) राष्ट्र की संस्कृति की संवाहिका होती है ।

(C) उसकी साहित्यिक धरोहर अत्यंत समृद्ध होती है । ✓

(D) उसमें समग्र राष्ट्र की अंतरात्मा विद्यमान रहती है ।

Q.16

इनमें से कौन सा कथन 'भक्ति आंदोलन और तुलसीदास' (सरयू में संकलित पाठ) में स्थापित मान्यताओं से मेल नहीं खा रहा है ?

(A) भक्ति-साहित्य का उद्भव मुस्लिम पराधीनता-जन्य निराशा से हुआ । ✓

(B) भक्ति-आंदोलन से भावात्मक एकता स्थापित हुई ।

(C) भक्ति-आंदोलन अखिल भारतीय सांस्कृतिक आंदोलन था ।

(D) भक्ति-आंदोलन विशुद्ध देशज आंदोलन था ।

Q.17

भारतेंदु हरिश्चंद्र के संबंध में असत्य कथन है -

(A) वे नवयुग के अग्रदूत और आधुनिकता के जन्मदाता थे ।

(B) पं. रघुनाथ, पं. सुधाकर द्विवेदी, पं. रामेश्वरदत्त व्यास आदि के प्रस्तावानुसार हरिश्चंद्र को 1880 ई. में 'भारतेंदु' की पदवी से विभूषित किया गया ।

(C) उन्होंने प्राचीन की पूर्ण उपेक्षा करके नवीन का अंधानुकरण किया । ✓

(D) उन्होंने अंग्रेजों की प्रशंसा तो की किंतु अपनी आत्मा और अपने व्यक्तित्व का हनन नहीं किया ।

Q.18

बुद्धि का कौन सा सिद्धान्त 'उद्दीपक प्रतिक्रिया' सिद्धान्त पर आधारित है ?

(A) बहुखण्ड का सिद्धान्त ✓

(B) मात्रा सिद्धान्त

(C) दो खण्ड सिद्धान्त

(D) तीन खण्ड सिद्धान्त

Q.19

'अपरा' में संकलित किस गद्य-रचना में मानवेतर जीवों का सजीव चित्रण हुआ है ?

(A) भारतीय जीवन-दर्शन एवं संस्कृति

(B) निक्की, रोजी और रानी ✓

(C) यात्रा का रोमांच

(D) धरा और पर्यावरण

Q.20

काव्य-गुण के विषय में गलत कथन है?

(A) आचार्य मम्मट के अनुसार गुण रस के उत्कर्ष के कारण रूप धर्म हैं।

(B) आचार्य भरत ने गुणों की संख्या आठ मानी है। ✓

(C) जिसमें स्वच्छता, सरलता और सहजग्राह्यता हो, प्रसाद गुण कहलाता है।

(D) माधुर्य गुण का संबंध श्रृंगार, करुण और शांत रसों से होता है।

Q.21

निम्नांकित में से कौन सा विकल्प 'बिग्गी' के अवबोध स्तर के शिक्षण के तीन आधार स्तम्भों में से नहीं है ?

(A) सम्बन्ध ज्ञान देना

(B) सीखे गये ज्ञान का प्रयोग ✓

(C) सम्बन्ध ज्ञान देना व सीखे गये ज्ञान का प्रयोग

(D) मानव अनुभव के अर्थ तथा गहन सम्बन्धों का भेदन

Q.22

'यदि हम आचार्यत्व और कवित्व दोनों के एक अनूठे संयोग की दृष्टि से विचार करते हैं तो मतिराम, श्रीपति और दास से ये कुछ बीस ही ठहरते हैं।' - आचार्य रामचंद्र शुक्ल का यह कथन किसके लिए है?

(A) चिन्तामणि

(B) देव ✓

(C) प्रतापसाहि

(D) पद्माकर

Q.23

कौन सा शब्द 'अनेकार्थी' शब्द 'गुरु' से संबद्ध नहीं है ?

(A) पृथ्वी ✓

(B) भारी

(C) बड़ा

(D) श्रद्धेय

Q.24

हिंदी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन करने वाले प्रथम इतिहासकार हैं -

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन ✓

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) मिश्रबंधु

(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

Q.25

इन रचनाओं को संबंधित रचनाकारों के साथ सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए :

रचनाएँ	रचनाकार
A. वापसी	(i) बदी उज्जमा
B. एक चूहे की मौत	(ii) विष्णु प्रभाकर
C. आवारा मसीहा	(iii) उषा प्रियम्बदा
D. मछली मरी हुई	(iv) राजकमल चौधरी

(A) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)

(B) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv) ✓

(C) A-(i), B-(iii), C-(iv), D-(ii)

(D) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)

Q.26

'मानस का हंस' किसके जीवन पर आधारित उपन्यास है?

(A) सूरदास

(B) गोस्वामी तुलसीदास ✓

(C) स्वामी विवेकानंद

(D) रामकृष्ण परमहंस

Q.27

'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित 'निराला भाई' संस्मरण के आधार पर बताइए कि इनमें से कौन सी विशेषता निराला के व्यक्तित्व से मेल नहीं खाती है ?

(A) प्रतिकूल परिस्थितियों से उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

(B) उनमें औढर दान की प्रवृत्ति थी।

(C) उनका जीवन बहुत व्यवस्थित था। ✓

(D) वे विचार से क्रांतदर्शी और आचरण से क्रांतिकारी थे।

Q.28

जायसी के 'पद्मावत' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) यह अवधी भाषा का प्रथम महाकाव्य है ।

(B) इसमें कवि ने अपने जनपद की रीति-नीति, मौसम, ऋतुओं आदि का जीवंत एवं मार्मिक चित्रण किया है ।

(C) पद्मावती के प्रति रतनसेन का प्रेम साधनात्मक या आध्यात्मिक प्रेम है, जबकि रतनसेन के प्रति नागमती का प्रेम गार्हस्थिक या लौकिक प्रेम है ।

(D) पद्मावत की रचना जायसी ने परिनिष्ठित साहित्यिक अवधी भाषा में की है । ✓

Q.29

शिक्षा मनोविज्ञान व्यावहारिक रूप है

(A) बाल मनोविज्ञान का

(B) समाज मनोविज्ञान का

(C) सामान्य विज्ञान का

(D) मनोविज्ञान का ✓

Q.30

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से अज्ञेय की इन रचनाओं का सही क्रम है

(A) बावरा अहेरी, इत्यलम्, हरी घास पर क्षण भर, आँगन के पार द्वार

(B) हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, इत्यलम्, आँगन के पार द्वार

(C) इत्यलम्, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार, हरी घास पर क्षण भर

(D) इत्यलम्, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार ✓

Q.31

विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश नियमों में संशोधन की सूचना संबद्ध महाविद्यालयों को किस रूप में भेजी जायेगी ?

(A) अधिसूचना द्वारा

(B) कार्यालय आदेश द्वारा

(C) परिपत्र द्वारा ✓

(D) अर्ध-शासकीय पत्र द्वारा

Q.32

इन रचनाओं को संबंधित रचनाकारों के साथ सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए :

रचना	रचनाकार
A. निर्मला	(i) हरिवंशराय बच्चन
B. मिलन यामिनी	(ii) लीलाधर जगूड़ी
C. नाटक जारी है	(iii) प्रेमचन्द
D. द्वन्द्व गीत	(iv) दिनकर

(A) A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)

(B) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)

(C) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)

(D) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv) ✓

Q.33

निर्देश : प्र.सं. 141 - 143 के उत्तर निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दीजिए :

पद्यांश :

कठिन पथ को देख मुस्काते सदा,
संकटों के बीच वे गाते सदा।
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,
सरल-संभव कर दिखाते वे सदा।
यह असंभव कायरों का शब्द है,
कहा था नेपोलियन ने एक दिन।
सच बताऊँ, जिंदगी ही व्यर्थ है,
दर्प बिन, उत्साह बिन, औ शक्ति बिन।

पद्यांश में किसका गुणगान किया गया है ?

(A) वाग्बीर का

(B) दानवीर का

(C) कर्मवीर का ✓

(D) धर्मवीर का

Q.34

इनमें 'वक्रोक्ति' विषयक कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) आचार्य कुंतक ने वक्रोक्ति को काव्य की आत्मा के रूप में स्वीकार किया है।

(B) इस सिद्धान्त का प्रमुख ग्रंथ है - 'वक्रोक्ति जीवितम्' ।

(C) आचार्य कुंतक ने वक्रोक्ति के प्रमुख भेद आठ माने हैं। ✓

(D) कुंतक औचित्य को 'वक्रोक्ति' का अनिवार्य तत्त्व मानते हैं।

Q.35

रीतिकाल के कवियों के विषय में कौन सा कथन असंगत है ?

(A) सेनापति की विशेष प्रसिद्धि उनके प्रकृति-चित्रण और श्लेष चमत्कार के कारण है।

(B) देव को आचार्य रूप में विशेष सफलता प्राप्त नहीं हुई। ✓

(C) पद्माकर रीतिकाल के अंतिम प्रतिभा संपन्न कवि हैं।

(D) मतिराम ललित शब्दावली में कोमल भावनाओं को व्यक्त करने वाले कवि हैं।

Q.36

वैज्ञानिक पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान का मुख्य उद्देश्य है

(A) छात्रों की आगमन तर्क शक्ति विकसित करना।

(B) छात्रों में ज्ञानात्मक कौशलों का विकास करना। ✓

(C) पाठ्यवस्तु को रोचक एवम् सार्थक बनाना।

(D) छात्रों में चिन्तन सम्बन्धी नीतियों का विकास करना।

Q.37

"लिखन बैठि जाकी छबी, गहि गहि गरब गरूर ।
भए न केते जगत के, चतुर चितेरे कूर ॥"

'सृजन' में संकलित इस दोहे के आधार पर बताइए कि चतुर चित्रकारों को भी मूढ़ क्यों बनना पड़ा ?

(A) घूँघट के कारण चित्रकार नायिका का वास्तविक रूप-सौंदर्य देख ही नहीं पाए ।

(B) चित्रकार वास्तव में चतुर नहीं अपितु अहंकारी थे ।

(C) नायिका का सौंदर्य प्रतिक्षण बदलते जाने के कारण उसका यथार्थ चित्रांकन संभव नहीं । ✓

(D) प्रतिस्पर्द्धा के कारण चित्रकार एक-दूसरे की आलोचना करते ही रह गए ।

Q.38

'मंदाकिनी' में संकलित पाठ - 'हमारी पुण्यभूमि और इसका गौरवमय अतीत' किस महापुरुष के भाषण का अंश है ?

(A) स्वामी विवेकानंद ✓

(B) स्वामी दयानंद सरस्वती

(C) महात्मा गांधी

(D) स्वामी रामतीर्थ

Q.39

द्विवेदी युग के विषय में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) इस युग का नामकरण आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के नाम के आधार पर किया गया है । ✓

(B) भाषा को परिष्कृत करने तथा शब्द-भंडार बढ़ाने के उत्साह में इस युग में खड़ी बोली आवश्यकता से अधिक संस्कृत गर्भित हो गई ।

(C) इस युग में प्रधानता इतिवृत्तात्मक काव्य की रही ।

(D) इस युग के कवियों ने रूढ़ियों और परंपराओं के स्थान पर प्रकृति, मानव और जीवन के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण ग्रहण किया ।

Q.40

"एक परिस्थिति में सीखा हुआ काम दूसरी परिस्थिति में उसी प्रकार करना" यह कथन सीखने के किस नियम पर आधारित है ?

(A) आत्मीकरण का नियम

(B) प्रभाव का नियम

(C) सम्बन्धित परिवर्तन का नियम ✓

(D) आंशिक क्रिया का नियम

Q.41

'अपरा' में संकलित 'नशा' कहानी का व्यंग्य-विषय क्या है ?

(A) कथनी और करनी की विसंगति ✓

(B) नेताओं का दुहरा चरित्र

(C) सत्ता का मोह

(D) नशाखोरी की दुष्प्रवृत्ति

Q.42

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) रसामिव्यक्ति के कारणों को विभाव कहते हैं।

(B) आलंबन और उद्दीपन, विभाव के भेद हैं।

(C) जिन क्रियाओं से आलंबन के हृदय में जाग्रत भावों का साक्षात्कार होता है, वह व्यापार अनुभाव कहलाता है। ✓

(D) अनुभावों के कायिक, वाचिक, सात्त्विक, आहार्य आदि भेद किए गए हैं।

Q.43

सीखने के किस सिद्धान्त में पुनर्बलन को अधिक महत्त्व दिया जाता है ?

(A) अनुकूलित अनुक्रिया सिद्धान्त

(B) क्रियाप्रसूत सिद्धान्त ✓

(C) उद्दीपन अनुक्रिया सिद्धान्त

(D) सूझ तथा अन्तर्दृष्टि का सिद्धान्त

Q.44

किस विकल्प की सभी रचनाएँ महाकवि देव की हैं?

(A) काव्यरसायन, छन्दार्णव, काव्यविलास

(B) भावविलास, कविकल्पद्रुम, काव्यप्रकाश

(C) रसविलास, अलंकारमाला, भवानी-विलास

(D) भावविलास, अष्टयाम, काव्यरसायन ✓

Q.45

इनमें कौन सा विलोम-युग्म सही नहीं है ?

(A) रहित-विरहित ✓
(B) स्मरण-विस्मरण
(C) संकल्प-विकल्प
(D) सम्मुख-विमुख

Q.46

इनमें से कौन सा तथ्य सही नहीं है ?

(A) 'राउलवेल' में नायिका का नख-शिख वर्णन है।
(B) 'उक्ति व्यक्ति प्रकरण' एक व्याकरण ग्रंथ है।
(C) 'वर्णरत्नाकर' में काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का विवेचन है। ✓
(D) 'वसंतविलास' में वसंत और स्त्रियों पर उसके विलासपूर्ण प्रभाव का चित्रण है।

Q.47

इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) 'पुनर्नवा' हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा, प्रथम पुरुष शैली में रचित, लोकप्रिय उपन्यास है। ✓
(B) 'लहरों के राजहंस' रचना का प्रेरणा स्रोत अश्वघोष रचित 'सौन्दरनन्द' है।
(C) ध्रुवस्वामिनी नाटक में, प्रकारांतर से, नारी अधिकारों की आवाज बुलंद की गई है।
(D) 'तुलसीदास' में निराला ने विदेशी संस्कृति पर भारतीय संस्कृति की विजय को प्रतिष्ठापित किया है।

Q.48

"नाथ बयरु कीजे ताहीं सों।
बुधि बल सकिअ जीति जाही सों।।
तुम्हहिं रघुपति अंतर कैसा।
खलु ..... जैसा।।"

'सरयू' में संकलित उक्त काव्यांश में मंदोदरी ने राम-रावण की उपमा किससे दी है?

(A) सूर्य और जुगनू से ✓
(B) सूर्य और दीपक से
(C) सागर और नदी से
(D) दिन और रात से

Q.49

"बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं। बिगड़ता हुआ काम बना लेती हैं।" 'बड़े घर की बेटी' कहानी में यह कथन किसका है ?

(A) आनंदी
(B) लालबिहारी
(C) श्रीकंठ
(D) बेनीमाधव सिंह ✓

Q.50

आलवार भक्तों/संतों से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) तमिल प्रदेशीय आलवार भक्तों की संख्या आठ मानी जाती है । ✓

(B) सगुण उपासक आलवार भक्तों द्वारा प्रवाहित भक्ति की पावन धारा दक्षिण से उत्तर भारत में आयी ।

(C) इन भक्तों ने स्त्री-पुरुष, ब्राह्मण-अब्राह्मण सबके लिए भक्ति को सुलभ बना दिया ।

(D) तमिल की मीरा कहलाने वाली 'आंडाल' भी आलवार थी ।

Q.51

स्टेनले हाल ने किस पुस्तक में किशोरावस्था का विस्तृत खाका खींचा है ?

(A) डवलपमेंटल साइकोलाजी

(B) एडोलसेन्स ✓

(C) नेचर ऑफ एडोलसेन्ट्स

(D) डवलपमेन्ट इन एडोलसेन्ट्स

Q.52

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से प्रेमचंद की इन रचनाओं का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) रंगभूमि, सेवासदन, गबन, गोदान

(B) सेवासदन, रंगभूमि, गबन, गोदान ✓

(C) सेवासदन, गबन, रंगभूमि, गोदान

(D) गबन, सेवासदन, गोदान, रंगभूमि

Q.53

शब्दकोश की दृष्टि से शब्दों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्योग, उद्वेग ✓

(B) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्योग, उद्वेग

(C) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्वेग, उद्योग

(D) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्वेग, उद्योग

Q.54

इनमें से किस कवि का संबंध 'तीसरा सप्तक' से है ?

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ✓

(B) रघुवीर सहाय

(C) स्वदेश भारती

(D) गिरिजाकुमार माथुर

Q.55

निर्देश : प्र.सं. 141 - 143 के उत्तर निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दीजिए :

पद्यांश :

कठिन पथ को देख मुस्काते सदा,
संकटों के बीच वे गाते सदा।
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,
सरल-संभव कर दिखाते वे सदा।
यह असंभव कायरों का शब्द है,
कहा था नेपोलियन ने एक दिन।
सच बताऊँ, जिंदगी ही व्यर्थ है,
दर्प बिन, उत्साह बिन, औ शक्ति बिन।

'असंभव' शब्द का प्रयोग कौन करता है ?

(A) श्रमिक
(B) कायर ✓
(C) उद्यमी
(D) कृषक

Q.56

रस-निष्पत्ति और साधारणीकरण से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) साधारणीकरण का सिद्धान्त वस्तुतः भट्ट लोल्लट की देन है। ✓
(B) 'उत्पत्तिवाद' के अनुसार रस का विभावादि के साथ 'उत्पाद्य-उत्पादक भाव संबंध' माना गया है।
(C) अभिधा से काव्य का अर्थबोध होने के बाद भावकत्व व्यापार द्वारा विभावादि का साधारणीकरण होता है।
(D) शंकुक का रसनिष्पत्ति सिद्धांत 'अनुमितिवाद' कहलाता है।

Q.57

बिहारी के विषय में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) इन्होंने आचार्य केशवदास से काव्य-शिक्षा ग्रहण की। ✓
(B) हिंदी में समास-पद्धति की शक्ति का परिचय सबसे अधिक इन्होंने ही दिया है।
(C) काव्य के लिए अपेक्षित सभी विषयों का सामान्य परिचय इन्हें था।
(D) मिश्रबंधुओं ने इन्हें देव से बड़ा कवि माना है।

Q.58

निम्नांकित में से प्रक्षेपित शिक्षण सहायक सामग्री नहीं है

(A) दूरदर्शन ✓
(B) फिल्म्स
(C) फिल्म स्ट्रिप
(D) ओवरहेड प्रोजेक्टर

Q.59

"बात सीधी थी पर एक बार
भाषा के चक्कर में
जरा टेढ़ी फँस गई ।"

'सृजन' में संकलित इस काव्यांश का क्या भावार्थ है ?

(A) चमत्कारपूर्ण भाषा-प्रयोग से कविता प्रभावशाली बन जाती है ।

(B) सिद्धहस्त कवि भाषा-चमत्कार द्वारा टेढ़ी बात को भी सरलता से व्यक्त कर देते हैं ।

(C) टेढ़ी-सरल सभी बातें भाषा द्वारा ही व्यक्त होती हैं ।

(D) जटिल शब्द-प्रयोग से सीधी बात भी उलझकर अग्राह्य बन जाती है । ✓

Q.60

'डॉ. रामकुमार वर्मा से बातचीत' (मंदाकिनी में संकलित) पाठ के आधार पर बताइए कि रामकुमार वर्मा को गद्य-गीत लिखने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?

(A) यूनिवर्सिटी ड्रामेटिक एसोसिएशन से

(B) पिताजी से

(C) जबलपुर की मित्र-मंडली से

(D) कश्मीर की प्राकृत शोभा से ✓

Q.61

कौन सा कथन मैथिलीशरण गुप्त के कृतित्व से मेल नहीं खा रहा है ?

(A) खड़ी बोली के स्वरूप निर्धारण और विकास में इनका योगदान अन्यतम है ।

(B) उर्मिला, यशोधरा, विष्णुप्रिया आदि इनकी अपूर्व चरित्र सृष्टियाँ हैं ।

(C) इनकी प्रायः सभी रचनाएँ राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत हैं ।

(D) इनकी सर्वाधिक प्रचारित रचना - 'भारत भारती' पाँच खंडों में विभक्त है । ✓

Q.62

निम्नांकित में से कौन सा विकल्प अभिक्रमित अनुदेशन से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) इसके अन्तर्गत हम सुकराती विधि का अध्ययन करते हैं ।

(B) शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन को आन्तरिक अभिक्रम भी कहा जाता है ।

(C) कहानी शिक्षण में रेखीय अभिक्रमित विधा उत्तम कही जाती है । ✓

(D) शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन की अपेक्षा रेखीय अभिक्रमित अनुदेशन अधिक प्रभावकारी है ।

Q.63

'आलोक' में संकलित रचना - 'स्वातंत्र्य उपासक - महाराणा प्रताप' के आधार पर बताइए कि अब्दुल रहीम खानखाना प्रताप से युद्ध लड़े बिना ही मेवाड़ से क्यों लौट गया था ?

(A) प्रताप के छापामार युद्ध-कौशल से घबराकर

(B) अकबर के बुलावे पर

(C) प्रताप के चरित्र की महानता से प्रभावित होकर ✓

(D) अस्वस्थ होने के कारण

Q.64

इनमें से कौन सा कथन गलत है?

(A) प्रलय सात्विक से तात्पर्य है- शरीर का कंपायमान होना। ✓

(B) व्रीडा संचारी का अर्थ है- लज्जा।

(C) वीभत्स रस का स्थाई भाव जुगुप्सा है।

(D) हास्य रस का मित्र श्रृंगार रस है।

Q.65

गेस्टाल्ट शब्द किस भाषा से सम्बन्धित है ?

(A) जर्मन ✓

(B) इटेलियन

(C) लैटिन

(D) स्पेनिश

Q.66

कविकुल कंठाभरण के रचयिता हैं?

(A) दूलह ✓

(B) देव

(C) चिन्तामणि

(D) भिखारीदास

Q.67

कौन सा विलोम-युग्म सही है ?

(A) नत-आनत

(B) मुक्ति-विमुक्ति

(C) शिष्ट-विशिष्ट

(D) संघटन-विघटन ✓

Q.68

निम्नलिखित रचनाओं और रचनाकारों को सुमेलित कीजिए :

रचना	रचनाकार
(क) श्रावकाचार	1. जगनिक
(ख) परमाल रासो	2. शालिभद्र सूरि
(ग) भरतेश्वर बाहुबली रास	3. रामसिंह
(घ) पाहुड़दोहा	4. देवसेन

(क) (ख) (ग) (घ)

(A) 1 3 2 4

(B) 4 2 3 1

(C) 3 2 4 1

(D) 4 1 2 3 ✓

Q.69

इन रचनाओं को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

रचनाएँ	रचनाकार
A. रस सिद्धान्त	(i) दिनकर
B. संस्कृति के चार अध्याय	(ii) नगेन्द्र
C. भाषा और समाज	(iii) नामवर सिंह
D. दूसरी परम्परा की खोज	(iv) रामविलास शर्मा

(A) A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii) ✓
(B) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii)
(C) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
(D) A-(i), B-(iv), C-(iii), D-(ii)

Q.70

"प्रेम मार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जवाँदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ।" घनानंद के संबंध में 'सरयू' से उद्धृत यह कथन किस विद्वान का है?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ✓

Q.71

इनमें से कौन सी कहानी रूपक शैली में लिखी गई है ?

(A) बड़े घर की बेटी
(B) देशभक्त
(C) शरणदाता
(D) जैसलमेर की राजकुमारी ✓

Q.72

कृष्ण भक्ति धारा में 'पुष्टि मार्ग का जहाज' किसे कहा गया है ?

(A) वल्लभाचार्य को
(B) सूरदास को ✓
(C) कुंभनदास को
(D) विट्ठलनाथ को

Q.73

इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) प्रत्यक्षीकरण की प्रक्रिया द्वारा हम अपने चारों ओर के संसार की प्रथम सूचना प्राप्त करते हैं।
(B) आत्मसातीकरण से तात्पर्य है, वह नया ज्ञान जिससे पुराने संबोध प्रभावित नहीं होते।
(C) समायोजन का अर्थ है - किसी नए ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पुराने संबंधों की मनोवैज्ञानिक रूप में पुनर्संरचना, पुनर्नियमित करना और परिवर्तन करना।
(D) प्रतिवर्तिता किसी वस्तु के आधारभूत गुणों को पहचानने की योग्यता को कहते हैं। ✓

Q.74

इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) अभिधा शक्ति द्वारा केवल रूढ़ शब्दों का अर्थबोध होता है। ✓

(B) मुख्यार्थ के बाधित होने पर ही लक्षणा कार्य करती है।

(C) व्यंजना शक्ति शब्द के मूल में छिपे हुए अकथित अर्थ को द्योतित करती है।

(D) व्यंजना शक्ति केवल शब्द पर ही नहीं अर्थ पर भी आधारित रहती है।

Q.75

किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है ?

(A) पावक = पौ + अक

(B) अक्षौहिणी = अक्ष + उहिनी

(C) सन्नारी = सत् + नारी

(D) रमेश = राम + ईश ✓

Q.76

निम्नलिखित समकालीन महिला रचनाकारों और उनकी रचनाओं से संबंधित कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(A) प्रभा खेतान - अहल्या

(B) कात्यायनी - गलत पते की चिट्ठी ✓

(C) अनामिका - खुरदुरी हथेलियाँ

(D) अजंता देव - राख का किला

Q.77

निर्देश : प्र.सं. 141 - 143 के उत्तर निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दीजिए :

पद्यांश :

कठिन पथ को देख मुस्काते सदा,
संकटों के बीच वे गाते सदा।
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,
सरल-संभव कर दिखाते वे सदा।
यह असंभव कायरों का शब्द है,
कहा था नेपोलियन ने एक दिन।
सच बताऊँ, जिंदगी ही व्यर्थ है,
दर्प बिन, उत्साह बिन, औ शक्ति बिन।

किस विशेषता के बिना जीवन व्यर्थ नहीं जाता ?

(A) धन-संपदा ✓

(B) दर्प

(C) उत्साह

(D) शक्ति

Q.78

'अनुकरण सिद्धान्त' की दृष्टि से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) अनुकरण की दृष्टि से अरस्तू का मत प्लेटो के मत से भिन्न है।

(B) अरस्तू शुद्ध प्रतिकृति को मानते हैं, भावनामय और कल्पनामय अनुकरण को नहीं। ✓

(C) अनुकरण को नया अर्थ प्रदानकर अरस्तू ने कला का स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित किया।

(D) अरस्तू कला को प्रकृति की अनुकृति मानते हैं।

Q.79

इनमें से कौन सा ग्रंथ भूषण-रचित नहीं है ?

(A) शिवराज भूषण

(B) शिवाबावनी

(C) भाषाभूषण ✓

(D) छत्रसाल दशक

Q.80

शिक्षण प्रतिमान का कौन सा तत्त्व विषयवस्तु के प्रस्तुतीकरण से संबंधित है ?

(A) उद्देश्य

(B) सामाजिक प्रणाली

(C) संरचना ✓

(D) मूल्यांकन प्रणाली

Q.81

अनाथ विधवा द्वारा सिली हुई कमीज (मजदूरी और प्रेम पाठ के संदर्भ में) को लेखक ने किस रूप में प्रस्तुत किया है ?

(A) आत्मा के वस्त्र के रूप में ✓

(B) तन रक्षक कवच के रूप में

(C) चाँद-सितारों के रूप में

(D) रत्नजड़ित राजसी वेशभूषा के रूप में

Q.82

"काँपती उँगलियों में कस कर पकड़ा हुआ अखबार और आँखों में बाण-बिद्ध क्रौंच-युगल की मूक पीड़ा थी, ..." यह गद्यांश 'मंदाकिनी' के किस पाठ से उद्धृत है ?

(A) सुभद्रा ✓

(B) भोर का तारा

(C) निर्वासित

(D) यात्रा : एक पावन तीर्थ की

Q.83

'हरिऔध' की कौन सी कृति उपन्यास है ?

(A) रसकलश

(B) ठेठ हिंदी का ठाठ ✓

(C) चोखे चौपदे

(D) प्रियप्रवास

Q.84

शिक्षण के हस्तक्षेप चर के अन्तर्गत आते हैं -

(A) शिक्षक
(B) शिक्षण विधियाँ व पाठ्यवस्तु ✓
(C) छात्र
(D) शिक्षक व छात्र दोनों

Q.85

"यदि मुझमें हास्य की प्रवृत्ति न होती तो मैंने कभी का आत्मघात कर लिया होता ।" 'आलोक' में संकलित 'गांधीजी' के आधार पर बताइए कि गांधीजी ने यह बात किससे कही थी ?

(A) मि. एंड्रूज से
(B) महादेव भाई से
(C) पदमजा नायडू से
(D) विलायती संवाददाता से ✓

Q.86

भरतमुनि के रसनिष्पत्ति विषयक सूत्र के प्रथम व्याख्याता थे

(A) भट्टनायक
(B) अभिनव गुप्त
(C) भट्ट लोल्लट ✓
(D) शंकुक

Q.87

'रैबिन प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज' परीक्षण बुद्धि के किस तत्त्व का मापन करता है ?

(A) विशिष्ट तत्त्व का
(B) सामान्य तत्त्व का ✓
(C) क्रियात्मक बुद्धि का
(D) विशिष्ट व क्रियात्मक बुद्धि तत्त्व दोनों का

Q.88

सूफी काव्य से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) सूफी काव्य रचना में सर्वप्रथम गुरु की वंदना की जाती है, फिर परमात्मा और पैगंबर का स्मरण करते हैं। ✓
(B) सूफी कवि लौकिक या सांसारिक प्रेम को आध्यात्मिक प्रेम में बाधक नहीं अपितु साधक मानते हैं।
(C) वे प्रेम के द्वारा परमात्मा को प्राप्त करने की बात कहते हैं।
(D) बहुसंख्यक सूफी कवियों ने लौकिक प्रेम कहानियों के माध्यम से अपना आध्यात्मिक प्रेम अभिव्यक्त किया है।

Q.89

इनमें से किस शब्द-युग्म का अर्थभेद सुमेलित नहीं है ?

(A) जठर-जरठ = पेट-बूढ़ा
(B) चक्रवात-चक्रवाक = बवंडर-चकवा
(C) कटिबंध-कटिबद्ध = तैयार-कमरबंद ✓
(D) कटौती-कठौती = कमी-काष्ठपात्र

Q.90

इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) जैन कवियों की रचनाएँ आचार, रास, फागु चरित आदि शैलियों में मिलती हैं ।

(B) सिद्धों की रचनाएँ प्रमुखतः दो काव्यरूपों-दोहाकोश और चर्यापद में उपलब्ध हैं ।

(C) नाथ सिद्धों की वाममार्गी भोगप्रधान योग-साधना के पक्षधर थे । ✓

(D) वीरगाथाओं के रूप में लिखित रासो काव्य जैन रास काव्य से भिन्न हैं ।

Q.91

'किरन धेनुएँ' (सरयू में संकलित) कविता में ग्वालिन किसे कहा गया है?

(A) रात्रि को

(B) प्रातः बेला को ✓

(C) वसुधा को

(D) क्षितिज रेखा को

Q.92

"आयौ घोष बड़ौ व्यापारी।" 'अपरा' से उद्धृत इस काव्य-पंक्ति में 'घोष' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) बाजार

(B) विख्यात

(C) अहीरों की बस्ती ✓

(D) नगर

Q.93

'कबीर की परिचई' के लेखक हैं

(A) अनन्तदास ✓

(B) रैदास

(C) धर्मदास

(D) मुकुन्ददास

Q.94

पियाजे के अनुसार मानसिक विकास को प्रभावित करने वाले घटकों में शामिल नहीं है -

(A) गतिवर्द्धन ✓

(B) साम्यावस्था

(C) सामाजिक अंत:क्रिया

(D) परिपक्वता

Q.95

निम्नलिखित में कौन सा कथन गलत है ?

(A) विभावना विरोधमूलक अर्थालंकार है ।

(B) उपमान को अप्रस्तुत भी कहते हैं ।

(C) उपमा अलंकार समस्त सादृश्यमूलक अलंकारों का प्राण है ।

(D) दृष्टांत अलंकार में सामान्य कथन का समर्थन विशेष कथन द्वारा किया जाता है । ✓

Q.96

इनमें से कौन सा संधि शब्द सही नहीं है ?

(A) तत् + जन्य = तज्जन्य
(B) सत् + गति = सद्गति
(C) विद्वत् + मंडल = विद्वन्मंडल
(D) चित् + आकाश = चिदाकाश ✓

Q.97

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से दिनकर की इन काव्यकृतियों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) रश्मिरथी, रेणुका, सामधेनी, उर्वशी
(B) सामधेनी, रश्मिरथी, उर्वशी, रेणुका
(C) रेणुका, सामधेनी, रश्मिरथी, उर्वशी ✓
(D) रेणुका, रश्मिरथी, उर्वशी, सामधेनी

Q.98

निर्देश : प्र.सं. 144 - 146 के उत्तर निम्नलिखित गद्यावरण के आधार पर दीजिए :

गद्यावरण :

जो भाषा किसी राष्ट्र के भिन्न-भिन्न भाषाभाषियों के पारस्परिक विचार-विनिमय का साधन बनती है, समूचे राष्ट्र को भावात्मक एकता के सूत्र में बाँधती है, देश की परम्पराओं और संस्कृति से जुड़ी होती है, उसे राष्ट्रभाषा कहते हैं। वैसे किसी भी राष्ट्र में प्रचलित सभी भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ होती हैं, परन्तु प्रत्येक समृद्धशाली राष्ट्र की कोई एक भाषा ही राष्ट्रभाषा के नाम से अभिहित की जाती है, क्योंकि वह भाषा उस राष्ट्र की प्रतीक होती है, उसमें सारे राष्ट्र की अंतरात्मा विद्यमान रहती है, वह उस राष्ट्र की संस्कृति की संवाहिका होती है, विदेशी राष्ट्रों में उसे समुचित सम्मान दिया जाता है।

उक्त अवतरण में राष्ट्रभाषा को परिभाषित करने में किस घटक का उल्लेख नहीं हुआ है ?

(A) विभिन्न भाषाभाषियों के विचार-विनिमय का साधन होती है।
(B) उसकी समृद्ध साहित्यिक परम्परा होती है। ✓
(C) सम्पूर्ण राष्ट्र को भावात्मक एकता में बाँधती है।
(D) देश की परम्पराओं और संस्कृति से जुड़ी होती है।

Q.99

लोंजाइनस के 'उदात्त तत्त्व' की दृष्टि से कौन सा कथन गलत है ?

(A) महान् धारणाओं की क्षमता तथा भावावेश की तीव्रता 'उदात्त तत्त्व' के अंतरंग पक्ष माने गये हैं।
(B) अंतरंग पक्ष को लोंजाइनस ने जन्मजात माना है।
(C) अलंकार योजना को 'उदात्त तत्त्व' का विरोधी माना गया है। ✓
(D) उत्कृष्ट भाषा 'उदात्त तत्त्व' का बहिरंग पक्ष है।

Q.100

कौन सी रचना लक्षण ग्रंथ नहीं है ?

(A) काव्य निर्णय
(B) रामचंद्रिका ✓
(C) रस रहस्य
(D) ललितललाम

Q.101

निम्न में से सम्प्रेषण की विशेषता नहीं है

(A) सम्प्रेषण एक पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करने की प्रक्रिया है।

(B) सम्प्रेषण एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है।

(C) प्रभावशाली सम्प्रेषण उत्तम शिक्षण के लिए एक बुनियादी तत्त्व है।

(D) सम्प्रेषण सदैव गत्यात्मक प्रक्रिया नहीं होती है। ✓

Q.102

इनमें से कौन सा विचार 'सृजन' में संकलित 'मैं और मैं' नामक निबंध में प्रतिपादित नहीं किया गया है ?

(A) मनुष्य का प्राथमिक कर्त्तव्य है कि वह स्वयं से पहले दूसरों के विषय में सोचे । ✓

(B) मनुष्य निरंतर कर्मरत रहे ।

(C) मनुष्य को अहंकार का बोझ नहीं लादना चाहिए ।

(D) मनुष्य को संघर्षों से नहीं घबराना चाहिए ।

Q.103

"काग के भाग बड़े सजनी ..... माखन रोटी ।" 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित रसखान द्वारा रचित इस काव्यांश में काग के भाग्य की सराहना क्यों की गई है ?

(A) माखन-रोटी मिलने के कारण

(B) श्रीकृष्ण के हाथ का स्पर्श कर लेने के कारण ✓

(C) नंद-जसोदा के दर्शन-सुख के कारण

(D) गोपियों के दर्शन-सुख के कारण

Q.104

इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

(A) कबीर शास्त्रीय ज्ञान की अपेक्षा अनुभव ज्ञान को अधिक महत्त्व देते थे ।

(B) उत्तर भारत में भक्ति आन्दोलन का सूत्रपात कबीर की प्रेरणा से ही हुआ । ✓

(C) कबीर ऐसे जनकवि थे, जिन्होंने भक्ति आन्दोलन को सिद्धान्त की मंजूषा से निकालकर व्यावहारिक धरातल प्रदान किया ।

(D) धार्मिक रूढ़ियों, बाह्य आडंबरों, सामाजिक कुरीतियों आदि का कबीर आजन्म विरोध करते रहे ।

Q.105

सीखने के वक्र में से कौन से वक्र में छात्र की सीखने की गति प्रारम्भ में धीमी होती है जो बाद में तीव्र हो जाती है ?

(A) सरल रेखीय वक्र

(B) उन्नतोदर वक्र

(C) नतोदर वक्र ✓

(D) मिश्रित वक्र

Q.106

ग्रंथ और लेखक से संबंधित कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(A) हिंदी साहित्य की भूमिका - आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) हिंदी भाषा और साहित्य - श्यामसुंदर दास
(C) रीतिकाल की भूमिका - डॉ. नगेन्द्र
(D) हिंदी साहित्य का इतिहास - डॉ. धीरेंद्र वर्मा ✓

Q.107

'काव्यं यशसे अर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतर क्षतये ।....' - काव्य प्रयोजन विषयक उपर्युक्त कथन किस आचार्य का है ?

(A) आचार्य दण्डी
(B) आचार्य मम्मट ✓
(C) आचार्य विश्वनाथ
(D) आचार्य भामह

Q.108

मूल प्रवृत्ति सिद्धान्त के जनक हैं

(A) जॉन डीवी
(B) वाटसन
(C) मैकडूगल ✓
(D) ऑलपोर्ट

Q.109

'शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और इतना महिमान्वित भारतवर्ष में दूसरा नहीं हुआ।... भक्ति-आन्दोलन से पूर्व सबसे शक्तिशाली आन्दोलन गोरखनाथ का भक्तिमार्ग ही था।' - गोरख के बारे में उक्त विचार किस विद्वान के हैं?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) परशुराम चतुर्वेदी
(C) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी ✓
(D) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल

Q.110

किस विकल्प में वाक्यांश के लिए सही शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(A) छोटे बच्चों को सुलाने के लिए गाया जाने वाला गीत = लोरी
(B) पर्वत के ऊपर की समतल भूमि = उपत्यका ✓
(C) गुरु के पास रहकर पढ़ने वाला = अन्तेवासी
(D) वह व्यक्ति जिसे थोड़ा ज्ञान हो = अल्पज्ञ

Q.111

राहुल सांकृत्यायन ने हिंदी का प्रथम कवि किसे माना है ?

(A) पुष्य/पुंड
(B) सरहपा/सरहपाद ✓
(C) शालिभद्र सूरि
(D) स्वयंभू

Q.112

'सरयू' में संकलित इन रचनाओं से संबंधित कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(A) मिठाई वाला - यह बाल मनोविज्ञान से संबंधित कहानी है।

(B) गुल्ली-डंडा - इस कहानी में कथा-नायक और गया दोनों समान पद-प्रतिष्ठा वाले पात्र हैं। ✓

(C) अलोपी - यह संस्मरणात्मक रचना है।

(D) सेव और देव - इस कहानी में नैतिक मूल्यों और सत् की प्रतिष्ठा की गई है।

Q.113

'अपरा' में संकलित 'द्रुत झरो' कविता में कवि क्या कामना करता है ?

(A) आशापूर्ण नवयुग के आगमन की ✓

(B) विश्वबंधुत्व की

(C) हरे-भरे खेत-खलिहानों की

(D) स्वच्छ-सुंदर पर्यावरण की

Q.114

रचना और रचनाकारों की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(A) चित्रावली - उस्मान

(B) कनकावती - जानकवि

(C) हंस जवाहिर - कासिम शाह

(D) मधुमालती - कुतुबन ✓

Q.115

कौन सा कथन टोमी फुस्रोट द्वारा निर्धारित रचनावाद के सिद्धांतों पर आधारित नहीं है ?

(A) जो हम पहले से जानते हैं, अधिगम उस पर निर्भर करता है।

(B) अधिगम विचारों की खोज है न कि मात्र यांत्रिक तरीके से विचारों का संग्रह

(C) नए विचारों का उदय पुराने विचारों में बदलाव एवं समाहित करने पर होता है।

(D) रचनावाद में अध्यापक की भूमिका ज्ञान के प्रेषक के रूप में होती है। ✓

Q.116

किस विकल्प में अलंकार और उसका उदाहरण सुमेलित नहीं हैं ?

(A) भ्रांतिमान - जानि स्याम को स्याम-घन नाचि उठे वन मोर ।

(B) श्लेष - बलिहारी नृप-कूप की गुण बिन बूंद न देहिं ।

(C) उदाहरण - सठ सुधरहिं सत-संगति पाई । पारस परसि कु-धातु सुहाई ।। ✓

(D) व्यतिरेक - मुख मयंक सो है सखी ! मधुर वचन सविशेष ।

Q.117

इनमें कौन सा समास-विग्रह सही नहीं है ?

(A) काव्यनिपुण = काव्य में निपुण

(B) राष्ट्रभक्ति = राष्ट्र की भक्ति ✓

(C) देशभक्त = देश का भक्त

(D) श्रमसाध्य = श्रम से साध्य

Q.118

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से पंत की निम्नलिखित रचनाओं का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) ग्रंथि, स्वर्ण किरण, युगवाणी, चिदम्बरा
(B) ग्रंथि, युगवाणी, स्वर्ण किरण, चिदम्बरा ✓
(C) युगवाणी, ग्रंथि, चिदम्बरा, स्वर्ण किरण
(D) युगवाणी, स्वर्ण किरण, ग्रंथि, चिदम्बरा

Q.119

निर्देश : प्र.सं. 144 - 146 के उत्तर निम्नलिखित गद्यावरण के आधार पर दीजिए :

गद्यावरण :

जो भाषा किसी राष्ट्र के भिन्न-भिन्न भाषाभाषियों के पारस्परिक विचार-विनिमय का साधन बनती है, समूचे राष्ट्र को भावात्मक एकता के सूत्र में बाँधती है, देश की परम्पराओं और संस्कृति से जुड़ी होती है, उसे राष्ट्रभाषा कहते हैं। वैसे किसी भी राष्ट्र में प्रचलित सभी भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ होती हैं, परन्तु प्रत्येक समृद्धशाली राष्ट्र की कोई एक भाषा ही राष्ट्रभाषा के नाम से अभिहित की जाती है, क्योंकि वह भाषा उस राष्ट्र की प्रतीक होती है, उसमें सारे राष्ट्र की अंतरात्मा विद्यमान रहती है, वह उस राष्ट्र की संस्कृति की संवाहिका होती है, विदेशी राष्ट्रों में उसे समुचित सम्मान दिया जाता है।

उक्त अवतरण के अनुसार किन भाषाओं को राष्ट्रीय भाषाएँ कहा गया है ?

(A) प्राचीन साहित्य वाली भाषाओं को
(B) लिखित साहित्य वाली भाषाओं को
(C) समृद्ध साहित्य वाली भाषाओं को
(D) लोगों में प्रचलित सभी भाषाओं को ✓

Q.120

'मार्क्सवाद' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) कार्ल मार्क्स का सिद्धान्त 'द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद' के नाम से प्रचलित है।
(B) इसमें लोकमंगल और मानवतावादी पक्ष पर बल दिया जाता है।
(C) कला और साहित्य के क्षेत्र में मार्क्सवाद व्यक्तिवादी दृष्टिकोण के स्थान पर समाजवादी यथार्थ की प्रवृत्ति को प्राथमिकता देता है।
(D) मार्क्सवाद के अनुसार समाज में कला का स्थान पहले है और श्रम का उसके बाद। ✓

Q.121

इनमें से किस कवि को 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा गया है ?

(A) कबीर
(B) सूरदास
(C) केशवदास ✓
(D) चिंतामणि

Q.122

भाषा शिक्षण में लेखन कौशल के विकास में सबसे अधिक सहायक है-

(A) ओडियो टेप रिकार्डर
(B) वर्ड प्रोसेसिंग कार्यक्रम ✓
(C) भाषा प्रयोगशाला
(D) रेडियो व दूरदर्शन

Q.123

दुष्यंत कुमार के गजल संग्रह का क्या नाम है ?

(A) साये में धूप ✓
(B) आवाज के घेरे
(C) मसीहा मर गया
(D) छोटे-छोटे सवाल

Q.124

निम्नांकित में से शिक्षा मनोविज्ञान की आत्मनिष्ठ विधि कौन सी है ?

(A) गाथा वर्णन विधि ✓
(B) जीवन इतिहास विधि
(C) मनोविश्लेषण विधि
(D) समाजमिति विधि

Q.125

"रीतिकाल के कवियों के परिचय लिखने में मैंने प्रायः 'मिश्रबंधु विनोद' से ही विवरण लिए हैं ।" यह कथन किसका है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ✓
(B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) रामकुमार वर्मा
(D) गणपतिचंद्र गुप्त

Q.126

रस विषयक कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) आचार्य भरत ने 'नाट्यशास्त्र' में रसों की संख्या आठ मानी है ।
(B) नाट्यशास्त्र में संचारी भावों की संख्या 33 मानी गई है ।
(C) आचार्य भरत ने आठ प्रकार के 'सात्विक' भावों का उल्लेख किया है ।
(D) करुण रस का उल्लेख नाट्यशास्त्र में नहीं है । ✓

Q.127

कौन सा विकल्प शिक्षण सिद्धान्त से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) शिक्षण सिद्धान्त, शिक्षण प्रतिमानों पर निर्भर होते हैं ।
(B) शिक्षण सिद्धान्त अधिगम सिद्धान्त पर निर्भर होते हैं ।
(C) शिक्षण सिद्धान्त में अनुदेशन व उसके प्रारूप को विशेष महत्त्व दिया जाता है ।
(D) शिक्षण सिद्धान्त में शिक्षण के लिए शिक्षक व छात्र की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है । ✓

Q.128

इन रचनाओं को रचनाकारों के साथ सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए :

रचना	रचनाकार
A. ज़िन्दगी और जोंक	(i) ज्ञानरंजन
B. फेंस के इधर और उधर	(ii) रांगेय राघव
C. गदल	(iii) राजेन्द्र यादव
D. जहाँ लक्ष्मी कैद है	(iv) अमरकान्त

(A) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(B) A-(iv), B-(i), C-(ii), D-(iii) ✓
(C) A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv)
(D) A-(i), B-(iv), C-(iii), D-(ii)

Q.129

किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?

(A) सुत, तनय, आत्मज
(B) ईर्ष्या, असूया, मत्सर
(C) पाषाण, प्रस्तर, उत्पल ✓
(D) रश्मि, अंशु, मयूख

Q.130

"शुभ सांत्वना हैं शोक में वे, और ओषधि रोग में।" 'अपरा' से उद्धृत इस काव्य-पंक्ति में 'सांत्वना' और 'ओषधि' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुए हैं ?

(A) मित्र के लिए
(B) माँ के लिए ✓
(C) पत्नी के लिए
(D) पिता के लिए

Q.131

इनमें सगुण-निर्गुण उपासना विषयक कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) सगुण और निर्गुण दोनों ही उपासक सत्संग, गुरु महिमा तथा स्मरण के साथ-साथ तीर्थाटन को भी भक्ति का आवश्यक अंग मानते हैं । ✓
(B) अवतारवाद सगुण उपासना का मेरुदंड है ।
(C) निर्गुण उपासक पुराणों में वर्णित अवतारों और उनके विग्रह आदि को नहीं मानते ।
(D) अवतारवाद का खंडन करने के बावजूद भी निर्गुण उपासक, ब्रह्म को इन्द्रिय गम्य बनाने के लिए, उस निर्गुण-निराकार पर रूपक, प्रतीक आदि का आरोप करते हैं ।

Q.132

निम्नलिखित में से कौनसी मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति की विशेषता नहीं है?

(A) सांवेगिक संतुलन
(B) सामाजिक रूप से अनुकूलनीय
(C) अधीरता ✓
(D) आशावादी दृष्टिकोण

Q.133

छंदों से संबंधित कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) चौपाई मात्रिक सम छंद है।
(B) दोहे के विषम चरणों में 11-11 मात्राएँ होती हैं। ✓
(C) उल्लाला मात्रिक अर्द्धसम छंद है।
(D) द्रुतविलंबित वर्णक समवृत्त छंद है।

Q.134

इनमें कौन सा सामासिक पद गलत है?

(A) स्वर्ग को गत = स्वर्गगत
(B) शत अब्दों (वर्षों) का समूह = शताब्दी
(C) काला है जो साँप = कालासाँप
(D) जीवन पर्यन्त = आजन्म ✓

Q.135

किस विकल्प में रचना और रचनाकार सुमेलित नहीं हैं ?

(A) सिद्धांत सार - द्विजदेव ✓
(B) काव्य विवेक - चिंतामणि
(C) श्रृंगार निर्णय - भिखारीदास
(D) जगद्विनोद - पद्माकर

Q.136

हिन्दी शिक्षण में पूरक पुस्तकें निम्न में से किस उद्देश्य की पूर्ति में सहायक नहीं हैं ?

(A) सूक्ष्म अध्ययन में ✓
(B) स्थूल अध्ययन में
(C) स्वाध्याय की योग्यता विकसित करने में
(D) सद्वृत्तियों को विकसित करने में

Q.137

'मित्रता' (प्रज्ञा प्रवाह में संकलित) नामक निबंध में विश्वासपात्र मित्र की उपमा किससे दी गई है ?

(A) हीरे से
(B) औषध से ✓
(C) वृक्ष से
(D) घोड़े से

Q.138

प्रत्यक्षात्मक चिन्तन सम्बन्धित है

(A) पूर्व निर्मित प्रत्ययों से
(B) पूर्व अनुभवों पर आधारित वर्तमान की वस्तुओं से ✓
(C) पूर्व अनुभवों पर आधारित भविष्य से
(D) समस्या समाधान से

Q.139

"रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द:काव्यम्" यह कथन किसका है?

(A) आचार्य वामन
(B) आचार्य दंडी
(C) आचार्य मम्मट
(D) पंडित राज जगन्नाथ ✓

Q.140

फ्रायड के मनोविश्लेषण सिद्धान्त के अनुसार 'गुप्त अवस्था' की आयु मानी गयी है

(A) 1 से 2 वर्ष
(B) 2 से 5 वर्ष
(C) 5 से 12 वर्ष ✓
(D) 12 वर्ष के पश्चात्

Q.141

वर्तनी की दृष्टि से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(A) अनुग्रहित, पड़ोसी, द्वारिका
(B) विरहणी, वापस, श्रृंगार
(C) आधीन, अतिथी, स्थायी
(D) दम्पती, अहल्या, द्रष्टव्य ✓

Q.142

जीन पियाजे की संज्ञानात्मक विकास अवस्था में मूर्त क्रिया अवस्था मानी गयी है

(A) 2 से 7 वर्ष
(B) 5 से 7 वर्ष
(C) 11-16 वर्ष
(D) 7-11 वर्ष ✓

Q.143

'हरिगीतिका' छंद के विषय में सही नहीं है?

(A) प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ
(B) चरण के अंत में गुरु-लघु ✓
(C) 16, 12 पर यति
(D) गीतिका के आरम्भ में दो मात्राएँ जोड़ने से हरिगीतिका बन जाता है।

Q.144

निम्न में से किस शब्द में 'वि' उपसर्ग है-

(A) व्यर्थ ✓
(B) विद्या
(C) विदित
(D) विहग

Q.145

भारतेंदु युग के विषय में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) इस युग का लगभग प्रत्येक कवि या लेखक किसी न किसी पत्र का संपादक था।

(B) इस युग के कवियों ने ब्रजभाषा की प्राचीन काव्य-शैली को पूर्णतः त्यागकर नवीन शैली को अपना लिया। ✓

(C) इस युग की कविता में अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीति आर्थिक शोषण, काले-गोरे का भेदभाव आदि का विरोध मिलता है।

(D) बालकृष्ण भट्ट और प्रतापनारायण मिश्र इस युग के उल्लेखनीय निबंधकार हैं।

Q.146

रॉबर्ट गैने द्वारा प्रतिपादित अधिगम के आठ प्रकारों में से पाँचवें स्थान पर आता है

(A) विभेद अधिगम ✓

(B) श्रृंखला अधिगम

(C) सम्प्रत्यय अधिगम

(D) समस्या-समाधान अधिगम

Q.147

व्याकरण की दृष्टि से कौनसा वाक्य शुद्ध है?

(A) चोरी करती पकड़ी जाने पर वह झेंप गई।

(B) आप जयपुर से कब लौटेंगे? ✓

(C) मैं उनके यहाँ कई बार जा आया हूँ।

(D) जरासी तारीफ करते ही वह फूलकर कुप्पी हो गई।

Q.148

किस शब्द में 'ईन' प्रत्यय है ?

(A) जमीन

(B) ग्रामीण ✓

(C) जहीन

(D) महीन

Q.149

मुद्रित माध्यमों के लिए समाचार लेखन से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) समाचार की शुरुआत जिन पंक्तियों से होती है, उसे खबर का 'आमुख' या 'इंट्रो' कहा जाता है ।

(B) समाचार लेखन में छ: 'ककार' का महत्वपूर्ण स्थान है ।

(C) 'उल्टा पिरामिड शैली' में घटनाओं को समापन, बॉडी और इंट्रो के क्रम में प्रस्तुत किया जाता है । ✓

(D) आमतौर पर समाचार 'उल्टा पिरामिड' शैली में ही लिखे जाते हैं ।

Q.150

किस शब्द में 'एरा' प्रत्यय नहीं है ?

(A) कमेरा

(B) सपेरा

(C) ममेरा

(D) सवेरा ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in